# कार्यालय नगर पंचायत कॉंठ, मुरादाबाद

पत्रांकः 271 / न0पं0कॉंठ / 19 दिनॉंक : 6-8-19

सेवा में,

सम्पादक
दैनिक अमर उजाला / दैनिक आज / दैनिक जागरण
कॉंठ, मुरादाबाद

महोदय,

आपके पास नगर पंचायत कॉंठ की निविदा सूचना की विज्ञप्ति भेजी जा रही है । आप अपने दैनिक समाचार पत्र दिनॉंक 07. 8.2019 के अंक में संलग्न विज्ञापन न्यूनतम दरो पर तथा न्यूनतम आकार 12x16 सेमी0 में प्रकाशित कर समाचार पत्र की 11 प्रतियॉं सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करने प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(सूर्य कान्त)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कॉंठ
मुरादाबाद

(प्रीति)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कॉंठ
मुरादाबाद

प्रतिलिपि–
1– अपर जिलाधिकारी प्रशासन मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
2– उपजिलाधिकारी कॉंठ , मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित ।
3– कार्यालय नगर पंचायत कॉंठ के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।
4– श्री मौ0 महबूब निर्माण लिपिक को बेबसाइट https://etender.up.nic.in तथा www.npkanth.in पर अपलोड कराने हेतु ।

(सूर्य कान्त)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कॉंठ
मुरादाबाद

(प्रीति)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कॉंठ
मुरादाबाद

Scanned by CamScanner

# कार्यालय नगर पंचायत काँठ, जनपद– मुरादाबाद

पत्रांकः 271 /निविदा/ई–निविदा/न.पं.काँठ/2019 दिनांक 6-8-19

**अल्पकालीन निविदा/ ई– निविदा सूचना**

नगर पंचायत काँठ जनपद – मुरादाबाद के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँठ में रा0वि0आ0 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से वेतन आदि वितरण के पश्चात् अवशेष धनराशि /नगर पंचायत निधि से निम्नलिखित कार्यों की निविदाएं / ई – निविदाएं आमंत्रित की जाती है। रू दस लाख से अधिक की निविदा ई– टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जा रही हैं। ई– टेण्डर का विस्तृत विवरण एंव प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड/प्राप्त कर अपलोड किया जा सकता है। रू0. दस लाख से कम के कार्यों की निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी को सम्बोधित कर दिनांक 26.08.2019 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक नगर पंचायत काँठ/ उप ज़िलाधिकारी काँठ तथा अपर ज़िलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद के कार्यालयों में प्राप्त की जायेंगी जो उसी दिन सांय 4.00 बजे अपर ज़िलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। रू. दस लाख से कम के कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 24.08.2019 की सांय 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय नगर पंचायत काँठ/ उपज़िलाधिकारी कार्यालय/ अपर ज़िलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी मे निहित होगा। अन्य नियमों व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in तथा www.npkanth.in पर अपलोड कर दी गई है, से तथा किसी भी कार्यालय दिवस मे कार्यालय नगर पंचायत काँठ से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| A | ई–प्रोक्योरमैन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 07 .08.2019 |
| B | वेबसाईट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 09.08.2019 अपरान्ह 12:00 बजे से |
| C | ई–प्रोक्योरमैन्ट के माध्यम से निविदा डालने की तिथि व समय | 26.08..2019 दोपहर 1:00 बजे तक |
| D | ई–प्रोक्योरमैन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि व समय | 26.08.2019 अपरान्ह 03:00 बजे से |
| E | ई– निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय अपर ज़िलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद |

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन राशि | धरोहर राशि 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य | निविदा मूल्य पर जीएसटी 18% | कार्य अवधि | भुगतान की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तहसील रोड पर वीर अब्दुल हमीद गेट के दोनो तरफ नाले की दीवार निर्माण एंव मरम्मत कार्य | 474000 | 9480 | 948 | 171 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 2 | वार्ड नं0 05 मुन्शी अशरफ के मकान से मिश्रीपुर रोड तक व इरफान के मकान से अख्तर के प्लाट व मुंशी अशरफ के मकान से शमीम अन्सारी के मकान तक सी0सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 1727000 | 34540 | 3500 | 630 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 3 | कार्यालय भवन के पीछे की साईड मे रिकार्ड रूम का निर्माण। | 392000 | 7840 | 784 | 141 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 4 | वार्ड न0 5 मे ब्रहम सिंह के मकान से मन्दिर तक मनोज के मकान से विरेन्द्र, धर्मेन्द्र व स्वराज के मकान से होते हुए चोखे सिंह के मकान तक व मिश्रीपुर रोड तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निमार्ण कार्य। | 2183000 | 43660 | 4366 | 786 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 5 | वार्ड न0 4 वाल्मिकी धर्मशाला के पीछे तहसील रोड के किनारे इंटरलॉकिंग पटरी उच्चीकरण व अवशेष भाग मे इंटरलॉकिंग टाईल्स लगाने व नाली निर्माण का कार्य माननगर वाल्मिकी पुलिया के पास पशु अस्पताल व ट्रांस्फार्मर के पास नाले की दीवार की मरम्मत कार्य। | 805000 | 16100 | 1610 | 290 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 6 | धामपुर रोड कांठ पर भूड़ मन्दिर पर मुख्य द्वार का निर्माण कार्य। | 15410830 | 308216 | 30821 | 5548 | 6 माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 7 | वार्ड नं0 02 में सूखे प्रजापति से हजीरे तक इंटरलॉकिंग रोड उच्चीकरण एंव क्रॉस ड्रेन निर्माण कार्य। | 124000 | 2480 | 248 | 45 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 8 | बस स्टैंड के पास एंव रेलवे स्टेशन के सामने शौचालय मरम्मत एंव टाईल्स लगाने का कार्य। | 212000 | 4240 | 424 | 76 | एक माह | रा0वि0आ0/ न0प0 निधि |
| 9 | नगर पंचायत कांठ में विभिन्न स्थानों पर अध्यक्ष /सभासदों के सांकेतिक नाम व पते के बोर्डो की आपूर्ति एंव अधिष्ठापन का कार्य। | 259700 | 5194 | 520 | 94 | एक माह | रा0वि0आ0 / न0प0निधि |
| 10 | वार्ड 01 व 12 मौ0 फकीरगंज में लक्ष्मण के मकान से विनोद के मकान तक व चन्द्रपाल के मकान से मेघराज के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड व ड्रेन निर्माण कार्य | 1388000 | 27760 | 2776 | 500 | एक माह | रा0वि0आ0 / न0प0निधि |

नोट– टेण्डर खुलने की दिनांक/तिथि को अवकाश होने की स्थिति मे अगले कार्य दिवस मे टेण्डर/निविदा डालने/ खोलने की कार्यवाही पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नियमानुसार की जायेगी। अन्य नियमो व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी www.npkanth.in एंव https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई तथा किसी भी कार्यालय दिवस मे कार्यालय नगर पंचायत काँठ से प्राप्त की जा सकती है।

(मौ0 महबूब)
लिपिक
नगर पंचायत काँठ
मुरादाबाद

(सूर्य कान्त)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत काँठ
मुरादाबाद

(प्रीति)
अध्यक्षा
नगर पंचायत काँठ
मुरादाबाद

Scanned by CamScanner

**नियम व शर्ते :-**

1– उक्त कार्यो हेतु नगर पंचायत कॉठ जनपद मुरादाबाद के पंजीकृत ठेकेदार ई– निविदा / निविदा दे सकते है ।

2– शासनादेश संख्या 3070 /78–2–2018–42 आई 0 टी0 /2017(22) दिनॉक 03 जनवरी 2018 के अनुपालन में निविदादाताओं द्वारा ई– निविदा प्रमाणी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों की स्कैन प्रतियॉं के ट्रान्जेक्शन न0 को ई– निविदा डालते समय अपलोड करना होगा , निविदा प्रकिया पूर्ण हो जाने के उपरान्त ई– निविदा में संलग्न किये गये अभिलेखों के मूल अभिलेख कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जायेंगें । यदि निविदादाताओं द्वारा उक्त प्रकिया पूर्ण नही की जाती है तो इनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उनका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी ।

3– निविदा प्रपत्र शुल्क ( जी0 एस0 टी0 सहित ) तथा निविदा की 2 प्रतिशत जमानत राशि जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ के नामें बंधक हो , को नगर पंचायत कॉठ के प्रथमा बैंक कॉठ स्थित खाता सं0 20015001500 में चालान के माध्यम या **नगद** या डी0 डी0 के माध्यम से जमा करते हुयें जमा विवरण की स्कैन कॉपी भी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा ।

4–निविदादाता को ई–निविदा के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र मय फोटो नौटरी द्वारा सत्यापित कराकर देना होगा , ,जिसका प्रारूप नगर पंचायत कॉठ से प्राप्त कर सकते है । यह शपथ पत्र निविदा प्रकिया का अनिवार्य अंग है तथा बिना इसके किसी ई–निविदा पर विचार नही किया जायेगा

5– सशर्त कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।

6– शासनादेश संख्या 1383/9–9–14 – 84 ज /14 दिनॉक 19 नबम्बर 2014 एंव शासनादेश संख्या 120/16/2194/नौ –8– 2016– 96 ज /2015 दिनॉक 2016 का अनुसरण अतिआवश्यक है एंव इससे सम्बन्धित सभी प्रमाण पत्र बिड में संलग्न किये जायेगें ।

7– इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा लापरवाही एंव तकनीकी त्रुटि के कारण टूट – फूट होती है तो निर्माण कार्य की पूर्णता की तिथि से पॉच वर्ष के अन्दर उसका रख –रखाव सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म द्वारा किया जायेगा । साथ ही शासनादेश संख्या 24 पी0आई0पी0(1) /नौ –5–2017–120 बजट /2013 दिनॉक 24 अगस्त 2017 का अनुपालन करने की जिम्मेदारी भी संबंधित फर्म / ठेकेदार की होगी ।

8– निर्माण कार्य का सैम्पुल परीक्षण कराने के पश्चात ही कार्य का अन्तिम भुगतान किया जायेगा ।

9– शासनादेश सं0 – 609/नौ –9–2007–249ज /06 दिनॉक 26.02.2007 के अनुसार राज्य बार कौसिल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार न होगा ।

10– निविदादाता को 1– हैसियत प्रमाण पत्र, 2– चरित्र प्रमाण पत्र ,3– पैन न0 ,4– जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रतियॉं ,5– ई0पी0एफ0 कोड की छायाप्रति एंव अन्य प्रपत्र एंव निविदा शुल्क व धरोहर राशि की एफ0 डी0 आर0 /डी0 डी0 की मूल्य प्रति एक लिफाफे में रखकर लिफाफे पर कार्य का नाम , कार्य की क्रम सं0 , ठेकेदार का नाम / फर्म का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एंव मोहर लगाकर निर्धारित तिथि, दिनांक – 26.8.2019 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नगर पंचायत कॉठ मुरादाबाद कार्यालय /उप– जिलाधिकारी कॉठ कार्यालय / अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) , मुरादाबाद के कार्यालय में रखे बाक्स में डालना होगा , निविदा के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र मय फोटो नौटरी द्वारा सत्यापित कराकर देना होगा तथा निविदा / ई– निविदा के साथ अपलोड करना होगा , जिसका प्रारूप नगर पंचायत कॉठ से प्राप्त कर सकते है । यह शपथ पत्र निविदा प्रकिया का अनिवार्य अंग है तथा बिना इसके किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा

11– निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश सं0 – 622/23.12.2012–02 आडिट /09 टी0सी0 –2 दिनॉक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलों दरों पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर परफोरमेन्स गारंटी की अतिरिक्त धनराशि जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा । निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।

12– अपठनीय / अस्पष्ट स्कैन कापी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।

13– प्रत्येक निविदादाता ई – निविदा देने से पूर्व उक्त सूची में अंकित निर्माण कार्य के स्थल का ठेकेदार भली – भॉति निरीक्षण अवश्य कर ले

14– नगर पंचायत कॉठ जनपद – मुरादाबाद में पंजीकृत ठेकेदार ही उक्त सभी निर्माण कार्यो की ई –निविदायें डाल सकते है यदि कोई अपंजीकृत ठेकेदार उक्त निविदा में प्रतिभाग करता है / ई–निविदा डालता है तो उसे अवैध मानते हुये उसकी ई–निविदा पर विचार नही किया जायेगा तथा अपंजीकृत ठेकेदार की निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी ।

15 – जी0 एस0 टी0 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राव्धान लागू माने जायेगें तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी ।

16– अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये , निविदा के किसी भी भाग अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा , इस संबंध में ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नही होगा ।

17– रू0 दस लाख से अधिक के कार्यो हेतु तकनीकी बिड मे निम्नलिखित प्रपत्र/ प्रमाण पत्र स्केन कर अपलोड करने होंगे।

(1) प्रत्येक कार्य के सम्मुख अंकित अर्नेस्ट मनी की एफ.डी.आर/डी0डी0./नकद धनराशि की रसीद जोकि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद के नाम बन्धक होगी। निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ निविदा क्रय की रसीद / धनराशि का चालान तथा 2 प्रतिशत एफ.डी.आर/डी0डी0./नकद धनराशि का रसीद की मूल प्रति को निविदा अपलोड करते समय स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा दिनॉक 26.8.2019 अपरान्ह 01: 00 बजे तक अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से ई–निविदा वॉक्स में भी डाल सकते है अथवा पंजीकृत डाक से उपलब्ध करा सकते है। निविदा स्वीकृति उपरान्त संबंधित ठेकेदार को ठेका निष्पादित/अनुबन्ध करते समय 8 प्रतिशत / नियमानुसार जमानत राशि जोकि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ के नामें बंधक हो, जमा करनी अनिवार्य होगी अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा तथा संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा 02 प्रतिशत जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी ।

(2) पैन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(3) जी0एस0टिन नं. की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(4) श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित छायाप्रति

(5) ज़िलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध चरित्र एंव हैसियत प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति।

नोट– ई– निविदा /निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में अगले दिवस को ई – निविदा /निविदा खोली जायेगी। संशोधन से सम्बन्धित कोई भी सूचना बेबसाइट **https://etender.up.nic.in** तथा **www.npkanth.in** पर ही उपलब्ध की जायेगी। इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नही होगा । किसी भी समय निविदा / ई – निविदा / समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा जिसे किसी भी दशा में चुनौती नही दी जा सकेगी ।

**(सूर्य कान्त)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कॉठ**
**मुरादाबाद**

**(प्रीति)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कॉठ**
**मुरादाबाद**

Scanned by CamScanner

# कार्यालय नगर पंचायत काँठ, जनपद– मुरादाबाद

पत्रांकः 277 /निविदा/ई–निविदा/न.पं.कॉठ/2019

दिनांक 7-8-19

**संशोधन अल्पकालीन निविदा/ ई– निविदा सूचना**

नगर पंचायत काँठ जनपद – मुरादाबाद के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉठ के कार्यालय के पत्रांक 271 /निविदा /ई – निविदा /न0प0कॉठ /2019 दिनॉक 6.8.2019 में क्रम सं0 6 पर वर्णित कार्य को निम्नवत पढा व समझा जाय । अन्य यथावत रहेगा ।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन राशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | जीएसटी 18% | कार्य अवधि | भुगतान की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धामपुर रोड कांठ पर भूड़ मन्दिर पर मुख्य द्वार का निर्माण कार्य। | 15400000 | 308000 | 30800 | 5544 | 06 माह | रा0वि0आ0 /न0पं0 निधि |

(मौ0 महबूब)
लिपिक
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

( सूर्य कान्त)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

(प्रीति)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

प्रतिलिपि–

1– अपर ज़िलाधिकरी प्रशासन मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

2– उपजिलाधिकारी कॉठ , मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित ।

3– कार्यालय नगर पंचायत कॉठ के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।

4– श्री मौ0 महबूब निर्माण लिपिक को बेबसाइट https://etender.up.nic.in तथा www.npkanth.in पर अपलोड कराने हेतु ।

5– सम्पादक दैनिक अमर उजाला/दैनिक जागरण/दैनिक [illegible] को इस आशय के उक्त संशोधित सूचना को न्यूनतम दरो एंव आकार 12x4 में प्रकाशित कर समाचार पत्र की 02 प्रतियॉ सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें ।

(मौ0 महबूब)
लिपिक
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

( सूर्य कान्त)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

(प्रीति)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

O/C

Scanned by CamScanner